धन्यवाद दिवस 2024

प्रिय भाइयों और बहनों,

हमारी परवरिश के दौरान, हमारे माता–पिता ने हमें सिखाया है कि जब हमें कुछ दिया जाए तो हम ''धन्यवाद'' कहें, ताकि हमें जो कुछ भी मिला है उसकी सराहना और महत्व देना सिखाया जा सके। इस तेज रफ्तार संसार में, हम एक हफ्ते से दूसरे हफ्ते और एक प्रसंग से दूसरे प्रसंग में आगे बढ़ते जाते हैं। ऐसा लगता है कि हम मुश्किल से ही जीवन के पलों का आनंद लेने, उनके अनुभवों पर विचार करने और अपने पास मौजूद छोटे से छोटे अवसरों की भी सराहना करने के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं।

रविवार, 6 अक्टूबर, 2024 को चर्च के धन्यवाद दिवस के अवसर पर, आइए हम रुकें और परमेश्वर द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों और चमत्कारों पर विचार करें (1 इतिहास 16:12)। परमेश्वर ने हमें जीवन दिया है; हम उसकी महान सृष्टि का भाग हैं। परमेश्वर प्रभु है और अपनी सृष्टि की देखभाल करना जारी रखता है। परमेश्वर हमसे प्रेम करता है, उसने मनुष्यों को नहीं छोड़ा है और वह हमारे आचरण की परवाह किए बिना हमारे प्रति दया दिखाना जारी रखता है। हम परमेश्वर के प्रेम, अनुग्रह और विश्वासयोग्यता पर निर्भर रह सकते हैं।

न्यू एपॉस्टॉलिक चर्च गीत संग्रह में गीत : 177 (भारतीय 250 गीत संग्रह – संख्या 63), ''आशीष गिनों, गिनों नाम ब नाम,'' यह हमारे लिए अच्छा सुझाव है, यह जानते हुए कि सब कुछ परमेश्वर से ही आता है और हम पूरी तरह से उस पर निर्भर हैं। भले ही हमारे जीवन एक–दूसरे से बहुत अलग हैं, हम सृष्टि को साझा करते हैं, हम सभी को वरदान मिले हैं, और हम परमेश्वर के प्रेम, उसके अनुग्रह और उसकी विश्वासयोग्यता का अनुभव करते हैं, जो हमें संरक्षण देता है। वह हमारे उद्धार और हमारे साथ अनंत संगति की इच्छा रखता है। इसके अलावा, हम में से प्रत्येक अपने जीवन में विभिन्न अन्य आशीषों का नाम ले सकता है।

हम अपने त्रिएक परमेश्वर की आराधना करते समय स्तुति, महिमा और धन्यवाद देने के लिए प्रेरित होते हैं। हम अपना आभार अपनी भेंट चढ़ाकर, सुसमाचार के प्रचार में सहयोग देकर, परमेश्वर के कार्य में सेवा करके, अपने पड़ोसियों के साथ साझा करके और सृष्टि और अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारी से कार्य करके व्यक्त कर सकते हैं।

नम्रता, धैर्य, प्रेम और धन्यवाद के साथ, हम अपने विश्वास के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हैं जोकिः हमारे प्रभु यीशु मसीह की वापसी है।

कनाडा, जिले के प्रेरितों और बिशपों के साथ, हम आपको आशीषित धन्यवाद दिवस की शुभकामनाएँ देते हैं तथा आपके परिवारों और मण्डली में बहुतेरे आनंद और शांति की कामना करते हैं।

भवदीय,

मार्क वॉल